दिनांकः 16.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- इंडिया ए.आई. इम्पैक्ट एक्स्पो आज से नई दिल्ली में–पांच दिन के इस सम्मेलन में सौ से अधिक देशों के प्रतिनिधि ए.आई. के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग पर चर्चा करेंगे।
- जयपुर में आज से राष्ट्रीय संस्थागत नेतृत्व शिखर सम्मेलन–नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और भारतीय ज्ञान परम्परा पर विमर्श होगा।
- उदयपुर से अहमदाबाद के बीच आज से वंदे भारत ट्रेन चलेगी–सप्ताह में छह दिन चलने वाली इस ट्रेन का जावर मांइस, डूंगरपुर और हिम्मतनगर में भी ठहराव होगा।
- प्रदेश में कल से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार–जयपुर और बीकानेर संभाग में हल्की बारिश की संभावना।
- आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हराकर सुपर आठ के लिए क्वालीफाई किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में पांच दिन तक चलने वाले इंडिया एआई इम्पैक्ट एक्सपो का उद्घाटन करेंगे। इसमें सौ से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। यह सम्मेलन वैश्विक एआई एजेंडा तय करने में भारत की भूमिका को मजबूत करता है और एआई के क्षेत्र में वैश्विक सहयोग के लिए प्रमुख मंच और भागीदारी प्रदान करता है। यह साझा मानकों, सहयोगी ढांचे और जनहित में बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधानों को भी बढ़ावा देता है।
प्रधानमंत्री एआई इम्पैक्ट प्रदर्शनी का भी शुभारंभ करेंगे। पांच दिन की इस प्रदर्शनी का आयोजन इंडिया एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन के साथ किया जा रहा है। इसमें ऑस्ट्रेलिया, जापान, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी सहित 13 देशों के मंडप होंगे। प्रदर्शनी में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित ढाई लाख से ज्यादा लोगों ने पंजीकरण करवाया है।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 28 फरवरी को अजमेर दौरे को देखते हुए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। श्री मोदी अजमेर से प्रदेश को साढ़े 23 हजार करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे। वे जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इस दौरान होने वाले रोजगार उत्सव में 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये जाएंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा और सभा स्थल की व्यवस्थाओं को लेकर बैठकें शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये प्रधानमंत्री के दौरे की जानकारी साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की उपस्थिति विकसित राजस्थान के संकल्प को नई शक्ति प्रदान करेगी।

000

जयपुर में आज से राष्ट्रीय संस्थागत नेतृत्व शिखर सम्मेलन शुरू हो रहा है। दो दिन का ये सम्मेलन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में रखा गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षामंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलगुरू, शिक्षाविद् और नीति निर्माता तथा विशेषज्ञ भाग लेंगे। इस समारोह में भारतीय ज्ञान परम्परा, नई शिक्षा नीति 2020, उच्च शिक्षा की गुणवत्ता, भारतीय भाषाओं के संवर्धन, एआई और नवाचारों पर चर्चा की जाएगी।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल जयपुर से पांच नये एफएम रेडियो स्टेशनों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री निवास पर हुए कार्यक्रम से श्री शर्मा ने एक निजी कम्पनी के पाली, भीलवाड़ा, श्रीगंगानगर, अलवर और सीकर के नये स्टेशनों को ऑन एयर किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि रेडियो संचार और

मनोरंजन का प्रमुख साधन है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले 'मन की बात' से रेडियो को फिर से जनजीवन का हिस्सा बनाया है।

000

राज्य विधानसभा में आज बजट 2026—27 पर बहस जारी रहेगी। विधानसभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा की ओर से जारी कार्य सूची के अनुसार इस दौरान विभिन्न दलों के सचेतक और नेता अपनी बात रखेंगे। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। आज दो ध्यानाकर्षण प्रस्ताव रखे जाएंगे।
वहीं विभिन्न याचिकाओं का उपस्थापन होगा। बजट बहस पर कल उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी की ओर से विधानसभा में जवाब पेश किया जाएगा।

000

राज्य का पहला नैफेड बाजार जयपुर में नेहरू सहकार भवन में खोला गया है। इस बाजार के माध्यम से किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध होंगे।

000

उदयपुर से अहमदाबाद के बीच आज से वंदे भारत ट्रेन सेवा की शुरूआत हो रही है। इससे उदयपुर से अहमदाबाद का करीब 300 किलोमीटर का सफर 4 घंटे में पूरा हो जाएगा। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होकर अहमदाबाद के असारवा स्टेशन पहुंचेगी। ये ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी, मंगलवार को इसका संचालन नहीं होगा। ट्रेन का जावर माइंस, डूंगरपुर और हिम्मतनगर में भी ठहराव होगा।

000

अजमेर में आज से संभाग स्तरीय अमृता हाट की शुरूआत होगी। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से लगाई जा रही इस हाट की थीम फागुन के रंग—नारी के संग—सशक्तिकरण से खुशियों की उमंग रखी गई है। विभाग की उपनिदेशक मेघा रतन ने बताया कि इस मेले में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से महिला स्वयं सहायता समूहों की उद्यमी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगी।

..............

000

राजस्थान गवर्मेंट हेल्थ स्कीम—आरजीएचएस योजना में गडबडियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आठ और कार्मिकों को निलंबित किया गया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने आरजीएचएस में हो रहीं अनियमितताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए अब तक 19 एफआईआर दर्ज करवाई हैं। इसके साथ ही अस्पतालों, फार्मेसी और अन्य हितधारकों से करीब 39 करोड़ रुपये की रिकवरी की है। गौरतलब है कि योजना में गडबडी करने पर हाल ही में सात चिकित्सकों को भी निलंबित किया गया था।

000

प्रदेश के मौसम में कल से एक आर फिर बदलाव देखने को मिल सकता है। नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जयपुर और बीकानेर संभाग में कई इलाकों में बादल छाये रहने और कहीं—कहीं हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि प्रदेश में अब कड़ाके ठंड और शीतलहर का दौर थम गया है। अधिकतर स्थानों पर सुबह शाम ही मामूली सर्दी का असर है।

..............

इस बीच बीते 24 घंटों में प्रदेश में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला बना रहा। जयपुर में कल कुछ स्थानों पर धूलभरी हवाएं भी चलीं।

000

आईसीसी टी—ट्वेंटी क्रिकेट वर्ल्ड कप में कल भारत ने पाकिस्तान को 61 रनों से हराया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कोलंबो में खेले गये मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 7 विकेट के नुकसान पर 175 रन बनाए। जीत के लिए 176 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान टीम 18 ओवर में 114 रनों पर ही सिमट गई। भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन को 77 रनों की शानदार पारी खेलने पर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।
प्रतियोगिता में आज तीन मैच खेले जाएंगे। दिल्ली में पहला मैच अफगानिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात के बीच सुबह 11 बजे से खेला जाएगा। कोलकाता में एक अन्य मुकाबले में, इंग्लैंड का सामना इटली से दोपहर 3 बजे से होगा। वहीं श्रीलंका के पल्लेकल में ऑस्ट्रेलिया का सामना श्रीलंका से शाम सात बजे से होगा।

000